मैंने झोली फैलाई है मैया

मैंने झोली फैलाई है मैया,
अब ख़ज़ाना तू प्यार का लुटा दे...

आया बन के में तेरा पुजारी,
आया बन के में तेरा सवाली,
मेरी झोली में इतना दे मैया,
मेरी माँगने की आदत भुला दे,
मैंने झोली फैलाई है मैया,
अब ख़ज़ाना तू प्यार का लुटा दे......

शेरावाली ये दिल रो रहा है,
जो हुआ ना वो अब हो रहा है,
ये तमन्ना है जीवन की मेरे,
दर्शन तू मुझे अपना दिखा दे,
मैंने झोली फैलाई है मैया,
अब ख़ज़ाना तू प्यार का लुटा दे.......

ऐसे कब तक चलेगा गुज़ारा,
थाम लो आके दामन हमारा,
हो सके तो दया कर दयालू,
अपने चरणो का सेवक बना ले
मैंने झोली फैलाई है मैया,
अब ख़ज़ाना तू प्यार का लुटा दे........

मैंने झोली फैलाई है मैया,
अब ख़ज़ाना तू प्यार का लुटा दे......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27445/title/main-jholi-failayi-hai-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |